आयकर विभाग

प्रस्तुत करता है

# मोटू पतलू और

# हमारा भारत महान




आप जो कर चुकाते हैं वह जादू है जो राष्ट्र को आगे बढ़ने में मदद करता है


# हमारा अद्भुत भारत देश

**आयकर निदेशालय (ज.सं.,प्र.व प्र.) मयूर भवन, नई दिल्ली की परिकल्पना**




यहाँ हमें टैक्स देने से फुर्सत नहीं मिलती, घूमें क्या?
टैक्स देना तो बहुत ज़रूरी है, उसी पैसे से तो देश प्रगति कर रहा है


अरे टैक्स परी! तुम अब कौन सा नया टैक्स लगाने आई हो?
हमने अपनी रिटर्न भर दी है.. अब अगले साल आना... बू हू हू


हा हा हा.. अरे नहीं, मैं तो तुम्हें भारत दर्शन करवाने आई हूँ। तुम्हें दिखाऊँगी कि टैक्स से भारत सरकार ने कितने बुनियादी कार्य किए हैं और दर्शनीय स्थल बनाए हैं.. तुम विदेश जाना भूल जाओगे, जब देखोगे तो कहोगे ''सारे जहां से अच्छा, हिन्दोस्तां हमारा''













## स्टैच्यू ऑफ यूनिटी

स्टैच्यू ऑफ यूनिटी भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल को समर्पित स्मारक है। यह विश्व की सबसे ऊँची मूर्ति है। इसकी ऊँचाई 182 मीटर है। यह नर्मदा नदी के तट पर सरदार सरोवर बाँध के पास स्थित है। इसका उद्घाटन भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 31 अक्टूबर, 2018 को किया गया था।


वाकई टैक्स परी, हमारे देश ने तो बहुत तरक्की कर ली


जब अपने ही देश में इतना कुछ है, तो भला हम विदेशों में घूमने क्यों जाएं?


अभी तो और बहुत कुछ है यह देखो, राजस्थान का भड़ला सोलर पार्क, देश की आन-बान और शान। यह दुनिया का सबसे बड़ा सोलर पार्क है और हमारा गौरव भी
भड़ला सोलर पार्क
राजस्थान के जोधपुर ज़िले में स्थित यह दुनिया का सबसे बड़ा सोलर पार्क है जिसकी क्षमता 2245 मेगावॉट है। 14 हजार एकड़ में फैले इस पार्क में 900 कम्पनियाँ सोलर बिजली का उत्पादन कर रही हैं।


अब यह देखो... 10,000 फीट की ऊँचाई से ऊपर दुनिया की सबसे लंबी सुरंग – अटल सुरंग
वाह!
इण्डिया इज़ ग्रेट जी
अटल सुरंग
पीर पंजाल में स्थित अटल सुरंग 10,000 फीट से ज्यादा ऊँचाई पर स्थित दुनिया की सबसे लम्बी सुरंग है। इसकी लम्बाई 9.02 किलोमीटर है। इसका नाम भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर रखा गया है। यह सुरंग भारत की अद्भुत इंजीनियरिंग तकनीक का प्रमाण है
SOUTH PORTAL
ATAL TUNNEL, ROHTANG


अब हम पहुँच गए उत्तर प्रदेश में, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे भारत का सबसे लम्बा एक्सप्रेसवे ... यह भी आपके दिए टैक्स का कमाल है
वाकई, यह तो बहुत ही लाजवाब है
पूर्वांचल एक्सप्रेसवे
340.8 किलोमीटर लम्बा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे भारत का सबसे लम्बा एक्सप्रेसवे है। इस एक्सप्रेसवे पर 3.2 किलोमीटर लम्बी हवाई पट्टी भी है, जिस पर वायु सेना के लड़ाकू विमान और भारी कार्गो विमान उतर सकते हैं।
वाह! वाह! वाह!


यह है बोगीबील ब्रिज... एक और कमाल का कारनामा
ओह! कमाल
अद्भुत!
बोगीबील ब्रिज
असम राज्य में ब्रह्मपुत्र नदी पर बोगीबील ब्रिज एशिया का सबसे लम्बा रेल सह-सड़क पुल है। यह पुल असम के धेमाजी ज़िले और डिब्रूगढ़ ज़िले को जोड़ता है। 4.94 किलोमीटर लम्बे इस पुल का उद्घाटन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 25 दिसम्बर, 2018 को 'सुशासन दिवस' पर किया गया था।




## वंदे भारत एक्सप्रेस रेल

यह है दक्षिण भारत की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस रेल जोकि चेन्नई (तमिलनाडू) और मेसूरू (कर्नाटक) को जोड़ती है। यह ट्रेन सप्ताह में 6 दिन चलती है और 497 किमी. की दूरी को केवल 6 घंटे 30 मिनट में पूरा करती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इसका शुभारंभ 11 नवंबर, 2022 को किया गया था।





## एचएएल तेजस

'तेजस' भारत द्वारा विकसित एक लड़ाकू विमान है। यह भारत का पहला हल्का युद्ध विमान है। इसका नाम तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने रखा था। भारत की रक्षा प्रणाली तेजस के आने से और मज़बूत हो गई है।


टैक्स परी ने मोटू पतलू को भारत दर्शन करवा कर उनके घर पहुँचा दिया
यदि सभी लोग नियमानुसार इन्कम टैक्स देते रहेंगे तो अमृत काल में अपना भारत जल्द ही विकसित देशों की श्रेणी में शामिल हो जाएगा
थैंक्यू टैक्स परी! तुमने ना केवल बुलंद भारत के दर्शन करवाए बल्कि यह भी समझा दिया कि सबका प्रयास देश के विकास में कितना सफल रहा
अब हम गर्व से कह सकते हैं कि सारे जहाँ से अच्छा, हिन्दोस्तां हमारा
समाप्त

# भूल भुलैया

**मोटू को उसका रास्ता ढूँढने में मदद करें ।**






# इस चित्र में रंग भरें





# अन्य अंक

इस कॉमिक में जानेंगे कि आयकर विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी अपना कर्तव्य कैसे निभाते हैं।



आज़ादी का अमृत महोत्सव

G20
भारत 2023 INDIA

